Permission to DDA Flats on the basis of Power of Attorney

2122. SHRI SHAMIM AHMED SIDDIQI : Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a large number of flats allotted by the DDA have been transferred, sold assigned or parted with possession by the allottees on power of attorney basis or otherwise without prior permission of the lessers;

(b) whether the DDA had given notices on the 10th December, 1988 and 2nd December, 1987 in a leading English Daily regarding their decision to regularise such transactions;

(c) if so, whether this facility for transfer of DDA flats on payment of prescribed amount of unearned increase towards the cost of the land components is still available;

(d) if so, whether the occupants of such flats can apply to the DDA for sale permission in cases where the original allottees is either not willing to sign or is not available; and

(e) whether the liberalised policy of the DDA for regularisation of flats transferred on power of attorney or otherwise can also be availed of in cases where the allotment of flats has been cancelled due to non-payment of the hire-purchase instalment by the original allottee and the possession of such continues to be with the transferees?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH) (a) Yes, Sir.

(b) Such public notices were issued by DDA in regard to sale/transfer of flats on 5-2-1987 and 24-11-78.

(c) and (d) Yes, Sir.

(e) No, Sir.

गौतमपुरी में गंगा के जल की सप्लाई

2123. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज की स्थिति के अनुसार गौतमपुरी तथा बृहमपुरी में गंगा के जल की सप्लाई के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि सम्बद्ध अधिकारी जल की सप्लाई का कार्य शुरू नहीं कर रहे हैं तथा उस क्षेत्र के रहने वाले लोग इससे विक्षुब्ध हैं ; और

(ग) यदि हां, तो विलंब के क्या कारण हैं और क्या सरकार प्राथमिकता के आधार पर जल की चरेलू सप्लाई शुरू करने का विचार रखती है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री (बलबीर सिंह) : (क से (ग) गौतमपुरी और बृहमपुरी क्षेत्रों में गंगा का पानी देने के लिए 19.10 लाख रुपये की लागत पर जलपूर्ति योजना पहले ही निष्पादित की गई है और अब पानी की सप्लाई कर दी गई है । इन क्षेत्रों में पानी के 520 व्यक्तिगत कनेक्शन भी स्वीकृत कर दिये गये हैं ।

उड़ीसा में मुर्गी पालन को प्रोत्साहन

2124. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उड़ीसा में मुर्गी पालन को अभी तक कोई प्रोत्साहन नहीं दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान मुर्गी पालन को